# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# भादरा क्षेत्र को मिली 15 करोड़ की सड़क परियोजनाओं की सौगात, विधायक संजीव बेनीवाल ने जताया मुख्यमंत्री का आभार।


Publisher

Published on 20 May 2025





## भादरा को 15 करोड़ की सड़कों की सौगात, अटल प्रगति पथ समेत 17 सड़के होंगी तैयार।

सवांदाता,भादरा, हनुमानगढ़
(राजस्थान)

**भादरा, हनुमानगढ़ (राजस्थान)**: राजस्थान सरकार ने भादरा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात की घोषणा की है। **15 करोड़ रुपये** की लागत से क्षेत्र में **17 नई और रिकार्पेटेड सड़कों** के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इन परियोजनाओं की जानकारी **विधायक श्री.संजीव बेनीवाल** ने साझा की।

**गांधी बड़ी मे बंन रही अटल प्रगति पथ**

इस परियोजना के प्रथम चरण में **गांधी बड़ी** गांव में **2 करोड़** रुपये की लागत से **1.80 किलोमीटर लंबी सीसी सड़क** (**अटल प्रगति पथ**) का निर्माण करवाया जाएगा। इस अवसर पर **श्री.बेनीवाल** ने **मुख्यमंत्री श्री.भजनलाल शर्मा** और **उपमुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी** का धन्यवाद देते हुए कहा: "यह अटल प्रगति पथ ग्रामीणों के लिए आवागमन को आसान बनाएगा और विकास की नई राह खोलेगा।"

इन 17 सड़कों का होगा निर्माण/रिकार्पेटिंग

१. **शेरड़ा से धानोठी छोटी (नई सड़क)**
२. **चक चिड़िया गांधी से बीड़ भादरा (नई सड़क)**
३. **गांधी बड़ी साहुवाला सड़क (शेष निर्माण)**
४. **गांधी बड़ी से मलखेड़ा तक (शेष निर्माण)**
५. **गोगामेड़ी बस स्टैडं से रेलवे स्टेशन (रिकार्पेट)**
६. **नोहर-गोगामेड़ी रोड से 15 DPN तक (रिकार्पेट)**
७. **भादरा-नोहर रोड से 8 MSR तक (रिकार्पेट)**
८. **भादरा बाईपास से 4 MSR तक (रिकार्पेट)**
९. **भादरा से नेठराना (रिकार्पेट)**
१०. **6 NTR से 3 NTR (रिकार्पेट)**
११. **डोभी से भांगवा (रिकार्पेट)**
१२. **अनूपशहर से भनाई (रिकार्पेट)**
१३. **सिधमुख रोड से गढ़ड़ा via ढाका (रिकार्पेट)**
१४. **बरवाली बस स्टैडं से हरियाणा सीमा (रिकार्पेट)**
१५. **गांधी बड़ी से मलखेड़ा (रिकार्पेट)**
१६. **बोझला से मेहलिया (रिकार्पेट)**
१७. **झाँसल रोड से सवाई छानी-सागड़ा-अमरपुरा तक (रिकार्पेट)**

**विधायक संजीव बेनीवाल ने जताया आभार**

**विधायक श्री.संजीव बेनीवाल** ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं **मुख्यमंत्री श्री.भजनलाल शर्मा** और **उपमुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी** की विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा: “इन सड़कों से भादरा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण और शहरी आवागमन बेहतर होगा, आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी।”

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.